**प्रेस नोट**

**दिनांक 31.10.2025**

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर “रन फॉर यूनिटी” का भव्य आयोजन।

आज दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर “रन फॉर यूनिटी” का भव्य आयोजन जनपद हमीरपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय स्टेडियम हमीरपुर में हुआ, जहां श्रीमान जिला अधिकारी हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस लाइन हमीरपुर, कोतवाली सदर, एवं कार्यालय पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के पुलिस बल सहित बड़ी संख्या में पत्रकार बंधु, नगर के गणमान्य नागरिक, तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने एकता, अखंडता और राष्ट्र की सुरक्षा के संदेश के साथ उत्साहपूर्वक “रन फॉर यूनिटी” में भाग लिया। कार्यक्रम में महिला पुलिस कर्मियो द्वारा बाइक रैली का भी आयोजन किया गया।

रन फॉर यूनिटी का प्रारंभ राजकीय स्टेडियम से होकर कस्बा हमीरपुर सदर के प्रमुख मार्गों से किया गया। पूरे मार्ग में पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं यातायात की प्रभावी व्यवस्था की गई थी। छात्र-छात्राओं तथा नागरिकों ने हाथों में तिरंगा एवं पटेल जी के चित्र लेकर राष्ट्र की एकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंत में जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित जनसमूह को सरदार वल्लभभाई पटेल जी के योगदान की जानकारी दी और राष्ट्रीय एकता के प्रति सभी को संकल्पित किया। उन्होंने कहा कि पटेल जी के विचार आज भी देश को जोड़ने और मजबूत बनाने की प्रेरणा देते हैं।
कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर,क्षेत्राधिकारी सदर,व अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।